# भारतीय जनता पार्टी

**(केंद्रीय कार्यालय)**

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

27 सितंबर 2025, शनिवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा फारबिसगंज (अररिया, बिहार) में आयोजित कोशी, पूर्णिया और भागलपुर क्षेत्र के भाजपा के मंडल स्तर के कार्यकर्ता सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**राहुल बाबा और लालू जी अपनी पार्टी और बेटे को जिताने के लिए मैदान में हैं, पर भाजपा बिहार से घुसपैठियों को भगाने के लिए मैदान में है**

*****************

**NDA को दो तिहाई सीटों से जितवा दें, मैं आपको वादा करता हूँ कि हम बिहार की धरती से घुसपैठियों को चुन-चुन कर भगाएँगे**

*****************

**बिहार का यह चुनाव प्रदेश को प्रगति पर ले जाने, घुसपैठिया मुक्त करने और जंगलराज को फिर से आने से रोकने का चुनाव है**

*****************

**कोशी और सीमांचल के लोगों में किसी का वोट नहीं कटा, क्योंकि केवल जो घुसपैठ करके आए हैं, उनका वोट कटा है**

*****************

**राहुल बाबा, चाहे कितनी भी यात्राएँ निकल लो, भाजपा संकल्प है कि हम एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे**

*****************

**एक सोनिया जी के लाल, दूसरे लालू जी के लाल, ये दोनों शहजादे बताएँ कि आपने बिहार के लिए क्या किया है?**

*****************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज अररिया (बिहार) में कोशी, पूर्णिया और भागलपुर क्षेत्र के भाजपा के मंडल स्तर तक के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित किया और पार्टी कार्यकर्ताओं से बिहार में एक बार फिर विकास के प्रति समर्पित एनडीए की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता एनडीए को 160 से अधिक सीटों पर विजयी बनाकर सरकार बनाएगी। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री दिलीप जायसवाल, बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय सिन्हा, केंद्रीय मंत्री श्री नित्यानंद राय, अररिया सांसद श्री प्रदीप सिंह सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि जब चुनाव के नगाड़े बजते हैं तो सभी राजनीतिक दल जनसभाएं करते हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ऐसा दल है, जो सबसे पहले कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित करती है। आज यहां भागलपुर, कोशी और पूर्णिया क्षेत्र के 4,000 से अधिक चयनित कार्यकर्ता उपस्थित हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में किशनगंज को छोड़कर हर जिले में एनडीए गठबंधन नंबर एक पर रहा था।

नवगछिया, भागलपुर, बांका, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, सुपौल, सहरसा और मधेपुरा में भी एनडीए गठबंधन नंबर एक पर रहा है। किशनगंज की जो कसर बाकी थी, इस बार भाजपा कार्यकर्ता उसे भी पूरा करके दिखाएंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **राहुल गांधी और लालू प्रसाद यादव के लिए यह चुनाव अपनी पार्टी को जिताने का चुनाव है। लालू प्रसाद यादव के लिए अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने का चुनाव है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए यह चुनाव पूरे बिहार से घुसपैठियों को खदेड़ देने का चुनाव है। बिहार की जनता एक बार एनडीए को दो-तिहाई बहुमत से विजयी बनायेगी, तो बिहार की पवित्र भूमि से घुसपैठियों को चुन-चुन कर भगाया जाएगा। भाजपा के लिए यह चुनाव कोशी क्षेत्र को हमेशा के लिए बाढ़ से मुक्त करने का चुनाव है। बिहार की जनता को इस बार चार बार दीपावली मनानी है। पहली दीपावली पारंपरिक रूप से प्रभु श्रीराम के अयोध्या लौटने के उपलक्ष्य में मनाई जाएगी। दूसरी दीपावली उस ऐतिहासिक अवसर के लिए, जब आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 75 लाख जीविका दीदियों के बैंक खातों में ₹10,000 की राशि हस्तांतरित की है। तीसरी दीपावली इसलिए मनाई जानी है कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने जीएसटी में सुधार करते हुए 395 से अधिक वस्तुओं पर टैक्स 15 से 20 प्रतिशत तक कम किए हैं और चौथी दीपावली, तब जब बिहार की जनता 160 से अधिक सीटें देकर एनडीए और भाजपा की सरकार बनाएगी।**

श्री शाह ने कहा कि जिस तरह से जीविका दीदियों के पास ₹10,000 पहुंचे, उसी तरह आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा हर वर्ष ₹6,000 किसानों के खातों में भेजे जा रहे हैं और इस बार उनके पास बम्पर फसल होने वाली है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। **इस दीपावली, हम सबको यह संकल्प लेना है कि अपनी सभी खरीदारी में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे।** बिहार में लालू एंड कंपनी ने राज्य को लूटने और अनेक घोटाले करने का कार्य किया, वहीं कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले कर देश के संसाधनों को लूटने का काम किया है। पिछले 11 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने इस पारदर्शिता के साथ कार्य किया है कि कोई भी उनपर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा पाया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि अभी कुछ समय पहले राहुल गांधी बिहार आए थे और उन्होंने एक यात्रा भी निकाली थी, वह यात्रा उन्होंने इसलिए निकाली कि चुनाव आयोग बिहार की मतदाता सूची से घुसपैठियों को बाहर कर रहा है। **लालू यादव और राहुल गांधी चाहते हैं कि घुसपैठियों को बिहार में मताधिकार मिले। राहुल गांधी यह कान खोलकर सुन लें कि बिहार क्या, वे कहीं भी यात्रा निकाल लें, मगर भाजपा का यह संकल्प है कि चुन-चुनकर एक-एक घुसपैठिये को बाहर निकाला जाएगा। लालू यादव और राहुल गांधी की पार्टियां घुसपैठियों को बचाना चाहती हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी घुसपैठियों को बाहर निकालना चाहती है।**

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बिहार के विकास के लिए ढेर सारे कार्य किए हैं। पूर्णिया की धरती से ही यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मखाना बोर्ड की घोषणा की। **भागलपुर में 2400 मेगावॉट का कोयला विद्युत संयंत्र स्थापित किया गया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूर्णिया को एयरपोर्ट देने का वादा किया था, वह वादा भी पूरा हो चुका है। आज पटना, गया, दरभंगा और पूर्णिया चारों एयरपोर्ट शुरू हो चुके हैं और बिहटा एयरपोर्ट भी जल्द ही शुरू हो जाएगा।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बिहार को कुल छह एयरपोर्ट दिए हैं। पहले नेपाल की नदियां जब भारत आती थीं, तो कोशी में बाढ़ आती थी, लेकिन अब उसकी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2025 के बजट में कोसी-मेची लिंक परियोजना की घोषणा की है, जिससे बाढ़ की जगह खेतों में सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। लालू प्रसाद यादव और इंडी गठबंधन ने बिहार के लिए कोई काम नहीं किया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 1 करोड़ 17 लाख माताओं को गैस सिलेंडर दिए, 1 करोड़ 50 लाख लोगों को शौचालय प्रदान किए और 48 लाख माताओं को मातृ वंदना योजना का लाभ दिया और कल 75,000 जीविका दीदियों के बैंक अकाउंट में 10,000 रुपए ट्रांसफर किए गए। बिहार की एनडीए सरकार ने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और दिव्यांग पेंशन ₹400 से बढ़ाकर ₹1100 करने का कार्य किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के संयुक्त प्रयास से 900 करोड़ रुपये की लागत से सीता माता का भव्य मंदिर बनाने की शुरुआत की गई है।** राहुल गांधी, भारतीय जनता पार्टी का माखौल उड़ाते थे कि 'मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन तिथि नहीं बताएंगे'। कांग्रेस के नेता अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए ताने देते थे, लेकिन देश और बिहार की जनता ने आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तो 2019 में श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भूमि पूजन किया, प्राण-प्रतिष्ठा भी की और अब वहां भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। 550 साल से रामलला एक टेंट में थे, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'जय श्री राम' का उद्घोष कर भव्य राम मंदिर बनाने का कार्य भी पूरा किया। एनडीए सरकार ने 12वीं पास छात्रों को ₹4000, डिप्लोमा धारकों को ₹5000 और स्नातक को ₹6000 इंटर्नशिप देने की घोषणा की है। हर गरीब को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का कार्य किया है यानी लगभग 1 करोड़ 67 लाख लोगों को इसका लाभ मिला है। आशा कार्यकर्ता का मानदेय ₹1000 से बढ़ाकर ₹3000 किया गया, जबकि ममता कार्यकर्ताओं का मानदेय ₹300 से बढ़ाकर ₹600 किया गया।

श्री शाह ने कहा कि सोनिया गांधी के लाल और लालू प्रसाद यादव के लाल, ये दोनों शहजादे जवाब दें कि उन्होंने बिहार के लिए क्या काम किया है! **जब केन्द्र में सोनिया-मनमोहन और लालू प्रसाद यादव की सरकार थी तब बिहार को 10 साल में केवल 2 लाख 80 करोड़ रुपये दिए गए थे। वर्ष 2014 से 2025 तक आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बिहार को लगभग 16 लाख करोड़ रुपये देने का काम किया है**, जिसमें सड़क और सिंचाई के प्रोजेक्ट, बरौनी के कारखानों का पुनर्जीवन, शुगर मिलों को फिर से चालू करना, कोशी-मेची लिंक परियोजना और कई बिजली के कारखाने शामिल हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 समाप्त की, तीन तलाक समाप्त किया, सीएए से हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता दी और जब पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम में आतंकी हमला किया, तो ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया किया। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को समृद्ध किया, देश के अर्थतंत्र को ग्यारहवें नंबर से चौथे नंबर पर पहुंचाया और देश को सुरक्षित बनाया है। **जब लालू यादव बिहार के मुख्यमंत्री थे, तब बिहार में प्रति व्यक्ति आय केवल ₹8,000 थी। आज यह ₹68,000 हो गई है, यानी प्रति व्यक्ति आय में ₹60,000 की वृद्धि हुई है। इस बढ़ोतरी के साथ ही बिहार को भी समृद्ध बनाने का काम किया गया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि **यह चुनाव बिहार को प्रगति के रास्ते पर ले जाने का चुनाव है। यह बिहार से घुसपैठियों को निकालने का चुनाव है। यह चुनाव इस लिए है कि लालू प्रसाद यादव का जंगलराज फिर से न आए। य**ह चुनाव देश व माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को मजबूत करने का चुनाव है। सीमांचल में एनडीए कई सीटें जीत रही है। भाजपा और एनडीए को हर जिले में अपनी सीट बढ़ानी होगी। **हम 160 का आंकड़ा पार करेंगे और फिर से एनडीए सरकार बनाएंगे और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को मजबूत करेंगे।**

***************